भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2455
(जिसका उत्तर मंगलवार**,** 17 दिसम्बर**,** 2024/26 अग्रहायण**,** 1946 **(**शक**)** को दिया जाना है**)**

आंध्र प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय

2455. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या आरबीआई ने हाल ही में देश के आर्थिक संकेतकों वाली 2023-24 की पुस्तिका जारी की है;
ख) क्या इस पुस्तिका में विगत पांच वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों की प्रति व्यक्ति आय दर्शायी गई है;
ग) यदि हाँ, तो क्या आंध्र प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 2014-15 और 2018-19 के बीच ₹60,128 थी;
घ) क्या वर्ष 2019-20 और 2023-24 के बीच प्रति व्यक्ति आय बढ़कर ₹88,448 हो गई है और आंध्र प्रदेश में यह वर्ष 2019-20 में ₹1,60,341 की तुलना में वर्ष 2023-24 में ₹2,42,479 तक पहुंच गई है; और
ङ) क्या आंध्र प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में प्रगति राष्ट्रीय औसत से बहुत अधिक है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 13 सितंबर 2024 को वर्ष 2023-24 के लिए हैंडबुक ऑफ स्टैटिस्टिक्स ऑन इंडियन इकोनमी जारी की।

(ख) और (ग): आरबीआई की हैंडबुक ऑफ स्टैटिस्टिक्स ऑन इंडियन इकोनमी में प्रति व्यक्ति निवल राज्य घरेलू उत्पाद की समय श्रृंखला के बारे में जानकारी है, जिसके अनुसार वर्तमान मूल्यों पर आंध्र प्रदेश का प्रति व्यक्ति निवल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2014-15 के ₹93,903 से बढ़कर वर्ष 2018-19 में ₹1,54,031 हो गया। उपर्युक्त समय अवधि के दौरान वृद्धि ₹60,128 है।

(घ) और (ङ): उपर्युक्त पुस्तिका से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान मूल्यों पर आंध्र प्रदेश का प्रति व्यक्ति निवल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2019-20 में ₹1,60,341 और वर्ष 2023-24 में ₹2,42,479 था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के अनुसार, वर्तमान मूल्यों पर प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय वर्ष 2019-20 में ₹1,32,341 से बढ़कर वर्ष 2023-24 में ₹1,84,205 हो गई।

****